



... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, शनिवार, 14 फरवरी-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष -43 ● अंक 148 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया








# ट्रेड डील पर फंसा भारत!

## राहुल गांधी का फिर सरकार पर निशाना, कई पहलुओं को पर्दे में रखा गया

● गिरिराज ने किया विरोध, कहा- गलत जानकारी न फैलाइए



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार एक बार फिर भारत-अमेरिका ट्रेड डील को लेकर सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि दूरदर्शी और राष्ट्रहित में सोचने वाली कोई सरकार अमेरिका के साथ ऐसा व्यापार समझौता करती जो कपास किसानों और कपड़ा निर्यात दोनों के हितों की रक्षा सुनिश्चित करता, लेकिन मोदी सरकार ने इसके बिल्कुल उलट किया। उन्होंने यह दावा भी किया कि सरकार ने व्यापार समझौते के इन पहलुओं को छिपाया भी है। राहुल गांधी ने एक वीडियो जारी कर कहा कि 18 प्रतिशत बनाम शून्य प्रतिशत शुल्क। झूठ बोलने में माहिर प्रधानमंत्री और उनकी कैबिनेट इस बारे में भ्रम फैला रही है। किस तरह से वे भारत-अमेरिका व्यापार समझौते से देश के कपास उत्पादकों और वस्त्र निर्यातकों को धोखा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश को अमेरिका में वस्त्र निर्यात पर शून्य प्रतिशत शुल्क का फायदा दिया जा रहा है, शर्त बस इतनी है कि वे अमेरिकी कपास आयात करें। कांग्रेस नेता ने कहा कि 'भारत के गारमेंट्स पर 18 प्रतिशत शुल्क की घोषणा के बाद जब मैंने संसद में बांग्लादेश को मिल रही खास रियायत पर सवाल उठाया, तब मोदी सरकार के मंत्री का जवाब आया कि अगर यही फायदा हमें भी चाहिए, तो अमेरिका से कपास मंगवानी होगी।' उन्होंने सवाल किया कि आखिर ये बात देश से छुपाई क्यों गई? कांग्रेस नेता ने कहा, ये कैसी नीति है क्या यह सच-मुच में कोई विकल्प है - या फिर आगे कुआं, पीछे खाई' की हालत में फंसाने वाला जाल'। अगर हम अमेरिकी कपास मंगवाते हैं तो हमारे अपने किसान बर्बाद हो जाएंगे। अगर नहीं मंगवाते, तो हमारा कपड़ा उद्योग पिछड़कर तबाह हो जाएगा। अब बांग्लादेश यह संकेत दे रहा है कि वह भारत से कपास आयात भी कम या बंद कर सकता है। वहीं राहुल गांधी के आरोपों पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि हमेशा की तरह, तथ्यों को समझे बिना वह गलत जानकारी फैला रहे हैं। सच्चाई यह है कि भारत ने अपने कई प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में अमेरिका के साथ कहीं बेहतर और संतुलित व्यापार समझौता किया है। यह समझौता औद्योगिक विकास को समर्थन देने के साथ-साथ हमारे किसानों के हितों की रक्षा के लिए समग्र रूप से तैयार किया गया है।

## शहादत को सलाम

● पुलवामा हमले की बरसी पर पीएम ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि




**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को 2019 में जम्मू और कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकवादी हमले में बलिदान हुए सीआरपीएफ कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि उनके अदम्य साहस और बलिदान से हर भारतीय को ताकत मिलती है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि 2019 में पुलवामा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर जवानों को याद कर रहा हूं। उनकी देशभक्ति, दृढ़ संकल्प और सेवा सदैव हमारी सामूहिक स्मृति में अंकित रहेगी। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने 2019 में पुलवामा आतंकवादी हमले में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके साहस और वीरता को याद किया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि पुलवामा में 2019 के दुस्साहसी आतंकी हमले में शहीद हुए हमारे वीर जवानों को मेरी भावपूर्ण श्रद्धांजलि। दूसरी ओर उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने भी शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी।

## गलत रिपोर्ट लगाने वाले अधिकारियों को मुख्यमंत्री ने दी सख्त चेतावनी

● दर्ज की जाएगी FIR



**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि किसी मामले में जांच के दौरान यदि गलत रिपोर्ट लगाई जाती है तो संबंधित के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाए। हर मामले का निष्पक्ष जांच करके ही उसका निस्तारण होना चाहिए। किसी भी प्रकरण में लापरवाही या शिथिलता अक्षम्य होगी। सीएम योगी ने शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते हुए ये निर्देश प्रशासन व पुलिस के अफसरों को दिए। गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 150 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। जनता दर्शन में कुछ मामले ऐसे भी आए थे, जिनमें यह शिकायत की गई कि प्रकरण में गलत रिपोर्ट लगा दी गई है। इस पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि पता लगाकर गलत रिपोर्ट लगाने वाले के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाए। उन्होंने कहा कि पीड़ितों की मदद में शिथिलता या लापरवाही कतई नहीं होनी चाहिए।

### ट्रक और कार की टक्कर में चार सीआरपीएफ जवान सहित पांच की मौत

**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में खपरी बायपास के पास ट्रक और कार के बीच जबरदस्त टक्कर हो गई। हादसे में बस्तर से लौट रहे कार सवार चार सीआरपीएफ जवान और एक ड्राइवर सहित 5 लोगों की मौत हो गई। हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है, जिसका उपचार जारी है। सभी जवान कार में सवार होकर जगदलपुर से रायपुर की ओर जा रहे थे। तभी आज सुबह खपरी के पास जवानों की कार पहुंची और सड़क किनारे खड़ी ट्रक से सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पूरी कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

### तेज रफ्तार कार जा घुसी ट्रेलर में महिला समेत पांच की जान गयी

**जयपुर।** जयपुर की सीमा से लगे चाकसू इलाके में शनिवार सुबह दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। कोटा-जयपुर नेशनल हाईवे (एनएच-52) पर टिगरिया मोड़ के पास सुबह करीब साढ़े पांच बजे तेज रफ्तार कार आगे चल रहे ट्रेलर में जा घुसी। इस हादसे में एक महिला समेत पांच लोगों की जान चली गई। पुलिस के मुताबिक, शुरुआती जांच में सामने आया है कि कार चला रहे ड्राइवर को झपकी आ गई थी, जिस वजह से यह टक्कर हुई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए।

### कार खाई में गिरने से मां-बेटे सहित 4 की मौत

**रिकांगपिओ (किन्नौर)।** हिमाचल प्रदेश के जिला किन्नौर में एक दिल दहला देने वाला हादसा हुआ है। जिला के निचार उपमंडल के तहत जानी लिंक रोड पर एक कार गहरी खाई में जा गिरी, इस दर्दनाक हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। मृतकों में मां-बेटा भी शामिल हैं। कार में पांच लोग सवार थे, जिनमें से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है।

## भारत की सुरक्षा रणनीति में नया ऐतिहासिक दिन

● हाइवे पर उतरा पीएम मोदी का विमान



**डिब्रूगढ़।** आज की तारीख 14 फरवरी असम का डिब्रूगढ़ और भारत की सुरक्षा रणनीति में एक नया ऐतिहासिक दिन। भारतीय वायुसेना ने इतिहास रच दिया जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद सी130 जे सुपर हरकुलस से हाईवे पर बने इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी पर उतरे। आज देश की पहली हाईवे इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उतरे। यह कोई सामान्य रनवे नहीं है। यह एक ऐसा हाईवे है जो जरूरत पड़ने पर एयरफोर्स का रनवे बन जाता है। प्रधानमंत्री ने लैंडिंग की लॉकिड मार्टिन C130 जे सुपर हरकुलस से जो स्पेशल ऑपरेशन और टेक्निकल मिशनों के लिए जाना जाता है। चलिए अब जानते हैं ईएलएफ यानी कि इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी है क्या? सोचिए जिस हाईवे पर रोज गाड़ियां दौड़ती है, वहां कुछ मिनटों में एयरफोर्स का रनवे बन जाए। ईएलएफ एक ऐसा हाईवे स्ट्रिप होता है जिसे इस तरह डिजाइन किया जाता है। जरूरत पड़ने पर लड़ाकू विमान उतर सकें।

### कोलकाता से शिलांग जा रहे इंडिगो के विमान में बम की धमकी से हड़कंप

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस इंटरनेशनल एयरपोर्ट शनिवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया, जब शिलांग जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट (6E3074) में बम होने की खबर मिली। दरअसल, इंडिगो की फ्लाइट (6E3074) सुबह 9:15 बजे कोलकाता से शिलांग के लिए उड़ान भरने के लिए तैयार थी। इसी दौरान विमान के टॉयलेट कंपार्टमेंट में क्रू मेंबर्स को एक संदिग्ध कागज मिला, जिस पर 'बम' होने की बात लिखी थी। इसके बाद नेताजी सुभाष चंद्र बोस इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सुरक्षाकर्मियों ने इंडिगो फ्लाइट की जांच शुरू की।

### खालिस्तानी आतंकी पन्नू की हत्या की साजिश में भारतीय नागरिक को 24 साल की सजा



**न्यूयॉर्क।** खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने के मामले में भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता को 24 साल की जेल की सजा सुनाई गई। रिपोर्ट के मुताबिक निखिल ने शुक्रवार को अमेरिका के न्यूयॉर्क की कोर्ट में गुनाह कबूल कर लिया है। 29 मई को सजा का औपचारिक ऐलान किया जाएगा। अमेरिकी जांच एजेंसी FBI ने एक्स पर पोस्ट कर निखिल गुप्ता के अपराध कबूलने की जानकारी दी। इँघ के मुताबिक, यह साजिश एक अमेरिकी नागरिक की हत्या के लिए रची गई थी, जिसे अमेरिकी एजेंसियों ने समय रहते नाकाम कर दिया। US अटॉर्नी ऑफिस के बयान के मुताबिक, निखिल गुप्ता उर्फ 'निक' ने सेकंड सुपरसिडिंग इंडिक्टमेंट में लगाए गए तीनों आरोपों को स्वीकार किया है। इन आरोपों में मर्डर-फॉर-हायर, मर्डर-फॉर-हायर की साजिश और मनी लॉन्ड्रिंग की साजिश शामिल है।





## ईरान में तख्ता पलट के लिए अमेरिका बेचैन

● जंगी जहाज तैनात, बढ़ायी सैनिकों की संख्या मिलिट्री एक्शन की तैयारी!



**वाशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के बीच तनाव एक बार फिर चरम पर पहुंच गया है। डोनाल्ड ट्रंप ने तेहरान में 'सत्ता परिवर्तन' की संभावना को खुला समर्थन देते हुए कहा है कि ईरान के वर्तमान शासन का अंत 'सबसे अच्छी बात होगी।' यह बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिका ने मध्य पूर्व में अपनी सैन्य उपस्थिति को दोगुना कर दिया है। US के जंगी जहाज़ों के अपनी जगह पर आने और तनाव बढ़ने के साथ, प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रंप ईरान में सरकार बदलने की बात खुले तौर पर कह रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि तेहरान में सत्ता में बदलाव 'सबसे अच्छी बात होगी जो हो सकती है' क्योंकि उनका एडमिनिस्ट्रेशन मिलिट्री एक्शन लेने पर विचार कर रहा है। ईरान के इस्लामिक मौलवी लीडरशिप को हटाने के लिए दबाव डालने के बारे में पूछे जाने पर ट्रंप ने कहा, 'ऐसा लगता है कि यह सबसे अच्छी बात होगी जो हो सकती है।' रुकी हुई बातचीत और लंबे समय से चल रहे तनाव के बीच ईरान की लीडरशिप को लेकर बढ़ती बेसब्री को दिखाती हैं। उधर खाड़ी अरब देशों ने चेतावनी दी है कि कोई भी मिलिट्री बढ़ोतरी एक बड़े रीजनल झगड़े को शुरू कर सकती है, खासकर तब जब गाजा में इज़राइल-हमास वॉर के बाद मिडिल ईस्ट में टेंशन बना हुआ है। ळए फोर्स ने हाल ही में एक ईरानी ड्रोन को मार गिराया जो USS अब्राहम लिंकन के पास आ रहा था।

### हाथियों ने 45 दिन में 35 को मार डाला



**हजारीबाग।** झारखंड में हाथियों के उत्पात की घटनाओं को लेकर लोगों में काफी आक्रोश है। इस वर्ष की शुरुआत से अब तक पिछले डेढ़ महीने में झारखंड के अलग-अलग इलाकों में हाथी 35 से अधिक लोगों की जान ले चुके हैं। इनमें पश्चिमी सिंहभूम में एक ही हाथी ने 22 लोगों को मार डाला था। इसके अलावा राज्य के अलग-अलग हिस्से से हर चौथे पांचवें दिन किसी न किसी के हाथी के हमले में मारे जाने की खबरें आ रही हैं।

जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव

● तापमान अधिकतम : 26.6°C
● तापमान न्यूनतम : 10.5°C

● सूर्योदय : 06.10
● सूर्यास्त : 05.14

वाराणसी, 14 फरवरी, शनिवार, 2026 (3)





# गंगा पार सैलानियों से छेड़छाड़

## मनबढ़ ऊंट और घोड़ों वालों ने मचाया हंगामा, नाविकों को भी पीटा

**● कई घायल, एक की हालत गंभीर, माझी समाज ने जताया विरोध, रामनगर थाने में दी गयी तहरीर**



**वाराणसी।** दशाश्वमेध घाट के ठीक सामने गंगा के पार शनिवार को मारपीट और बवाल होने से दोपहर में काफी देर तक हंगामा होता रहा। आरोप है कि शनिवार को ऊंट और घोड़े वालों ने पहले तो पर्यटकों से छेड़छाड़ की, फिर उन्हें लाने वाले नाविकों के विरोध करने पर नाविकों पर घोड़े और ऊंट वालों ने डंडे और लाठियों से हमला कर दिया, जिससे कई लोग घायल हो गए। इस वारदात में एक व्यक्ति की हालत गंभीर बताई जा रही है, जबकि चार अन्य लोग भी घायल हुए हैं। घायलों को कबीर चौरा अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां दो लोगों को इमरजेंसी में आनन-फानन में भर्ती किया गया। घटना के बाद, माझी समाज के अध्यक्ष प्रमोद माझी गंगा उस पार रेती पर पहुंचे और पुलिस कार्रवाई की मांग करते हुए रामनगर थाने में तहरीर देने पहुंचे। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं समाज के लिए चिंता का विषय हैं और प्रशासन को इस पर सख्त कदम उठाने चाहिए। प्रमोद माझी ने कहा कि पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना आवश्यक है, ताकि ऐसी घटनाएं भविष्य में न हों। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस प्रकार की घटनाएं वाराणसी की पर्यटन की छवि को धूमिल कर रही हैं। पर्यटकों के साथ छेड़छाड़ की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं, जिससे न केवल स्थानीय व्यवसाय प्रभावित हो रहे हैं, बल्कि पर्यटकों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ रही है। उन्होंने प्रशासन से अपील की है कि इस मामले में सख्त कार्रवाई की जाए और दोषियों को सजा दी जाए। घटना के बाद, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और घायलों को स्थानीय लोगों के सहयोग से अस्पताल पहुंचाने में मदद की। पुलिस ने कहा कि वे मामले की जांच कर रहे हैं और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय प्रशासन ने भी इस घटना को गंभीरता से लिया है और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने का आश्वासन दिया है। इस घटना ने वाराणसी में पर्यटन के प्रति लोगों की सोच को प्रभावित किया है। स्थानीय व्यवसायियों ने भी इस मुद्दे पर चिंता जताई है और कहा है कि यदि ऐसी घटनाएं जारी रहीं, तो इससे पर्यटन उद्योग को बड़ा नुकसान होगा।

## गायघाट पर शिव कचहरी चमकाने में जुटे भक्त


जनमुख डेस्क

**● नमामि गंगे ने चलाया अभियान**

**वाराणसी।** महाशिवरात्रि पर गायघाट पर बड़े महादेव सहित द्वादश ज्योतिर्लिंग की स्वच्छता रूपी सेवा की गई। महादेव के नन्हें भक्त शिव कचहरी को चमकाने में जुटे हुए थे। कई बच्चे नारियल की जटा लेकर शिव मंदिर के फर्श को साफ कर रहे थे। नमामि गंगे गंगा विचार मंच महानगर ने महाशिवरात्रि तक गंगातटीय शिवालयों में विशेष सफाई अभियान चलाने का निर्णय लिया है। इस अभियान में बड़े-बुजुर्गों के साथ-साथ बच्चे भी उत्साहपूर्वक शामिल हो रहे हैं। शनिवार को जिला संयोजक शिवम अग्रहरि के नेतृत्व में गोप्रेक्ष तीर्थ गायघाट पर बड़े महादेव और द्वादश ज्योतिर्लिंग की स्वच्छता का कार्य किया गया।

## तिरंगा यात्रा के साथ बौद्धिक दिव्यांग खेलकूद महोत्सव का शुभारम्भ


जनमुख डेस्क

**वाराणसी।** एम्फीथिएटर ग्राउंड, काशी हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी में बौद्धिक दिव्यांग खेलकूद महोत्सव का आयोजन किया गया। यह महोत्सव वाराणसी जनपद के दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए कार्य करने वाले विभिन्न संस्थानों और व्यक्तियों के सहयोग से संपन्न हुआ। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित पदम् मुरलीकांत राजाराम पीटकर चंदू चैंपियन रहे। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में पद्मश्री प्रो मंगल कपूर, सिस्टर संगीता, राहुल गुप्ता और रोहित गुप्ता उपस्थित रहे। प्रतियोगिता की शुरुआत बौद्धिक दिव्यांग खिलाड़ियों द्वारा भव्य तिरंगा यात्रा के साथ हुई। प्रतियोगिताओं में शॉट पुट थ्रो में सुनील पटेल ने प्रथम, अजय पटेल ने द्वितीय और जय कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्टैंडिंग लॉन्ग जम्प में बालक वर्ग में सचिन और कृष्णा ने प्रथम, जयकुमार और अजय पटेल ने द्वितीय तथा दिव्यांश और सूरज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में अनुष्का और गीता ने प्रथम, कृति और रेशमा ने द्वितीय तथा रिंकी पाल और तनु केसरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## मैदागिन से गोदौलिया मार्ग पर नो व्हीकल जोन : रात 12 बजे से लागू

**वाराणसी।** महाशिवरात्रि पर काशी में आने वाली भीड़ और पंचकोस यात्रा को देखते हुए वाराणसी ट्रैफिक पुलिस ने डायवर्जन प्लान जारी किया है। इस दौरान मैदागिन से गोदौलिया मार्ग को नो व्हीकल जोन घोषित किया गया है। वाराणसी पुलिस ने शहर में आने वाले लोगों से प्लान के तहत गाड़ियां पार्क करने की अपील की है। साथ ही दिक्कत होने पर जानकारी लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया है। एडीसीपी ट्रैफिक अंशुमान मिश्रा ने बताया-धर्म की नगरी काशी में महाशिवरात्रि पर बाबा विश्वनाथ सहित सभी देवालयों में भक्त बाबा के अभिषेक के लिए आते हैं। इसके अलावा काशी में पंचकोस यात्रा करने के लिए कई जिलों और आस-पास के क्षेत्र से भक्त आते हैं। अत्याधिक भीड़ के दबाव को देखते हुए हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी वृहद् ट्रैफिक और पार्किंग प्लान जारी किया गया है।

## मनरेगा बचाओ, देश बेचने वालों को भगाओ

**● कांग्रेस ने मोहन सराय से राजातालाब तक निकाली पदयात्रा**



जनमुख डेस्क

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर जिला व महानगर कांग्रेस कमेटी वाराणसी द्वारा मनरेगा बचाओ पदयात्रा वाराणसी में मोहन सराय बैरवन से राजातालाब तक निकाली गई। रास्ते में 'मनरेगा बचाओ देश बचाओ' और 'देश बेचने वालों को सत्ता से भगाओ' के नारों के साथ साथ मनरेगा मजदूरों के हित में 'एक दिन की मंजूरी 400 रुपए किया जाय' और 'रोजगार 125 दिन का जुमला नहीं गारंटी दो', की मांग करते हुए राजातालाब पंचकोसी मार्ग पर स्थिति ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय पर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर यात्रा का समापन किया गया। यात्रा में कांग्रेस के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल रहे। यात्रा में जिला अध्यक्ष राजेश्वर सिंह पटेल, महानगर अध्यक्ष राघवेन्द्र चौबे, शिवपुर प्रभारी, गिरीश चंद्र पांडेय, संतोष मौर्या, सुरेश शर्मा, अजय सिंह, अखरी राम श्रृंगार पटेल, रामाश्रय पटेल, कैलाश पटेल, लक्ष्मी यादव, गोपाल पटेल, चक्रवर्ती पटेल, सोनू सिंह आदि मौजूद रहे।

## 'यंग क्लाइमेट चैंपियंस प्रोग्राम' को लेकर युवाओं के साथ बातचीत

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** बनारस हिंदू विश्वविद्याल के भूभौतिकी विभाग में शुक्रवार को पर्यावरण के समसामयिक एवं ज्वलंत मुद्दों पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अर्थ डे नेटवर्क इण्डिया तथा वेस इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। संगोष्ठी को प्रो. मनोज कुमार श्रीवास्तव एवं डॉ बीरेंद्र प्रताप ने संबोधित किया। संगोष्ठी में कोलकाता से आए अर्थ डे नेटवर्क इंडिया के प्रतिनिधि मोनोदीप दत्ता ने यंग क्लाइमेट चैंपियंस प्रोग्राम' की विस्तारपूर्वक जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि यह 13वाँ 'अर्थ केयर अवार्ड' है, जिसके अंतर्गत विभागीय छात्र-छात्राएँ पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन से जुड़े अपने मौलिक और नवाचारी विचार प्रस्तुत करेंगे। चयनित प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।



जनमुख डेस्क

## जिलाधिकारी ने परखी रोपवे योजना की जमीनी हकीकत

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** ज़िलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने शुक्रवार को रोपवे परियोजना का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की भौतिक प्रगति जानी और आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। उन्होंने रथयात्रा स्टेशन की प्रगति का आकलन किया तथा सिविल और फिनिशिंग गतिविधियों को बारीकी से देखा। इसके अलावा उन्होंने रोपवे परिचालन तैयारियों की जांच कर व्यवस्थाओं को परखा। जिलाधिकारी ने नेशनल हाइवेज लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट लिमिटेड (एनएचएलएमएल) के अभियंताओं से स्टेशन परिसर के भीतर यात्रियों की आवाजाही के साथ-साथ प्रवेश और निकास व्यवस्था पर चर्चा की। इसके अलावा जिलाधिकारी द्वारा यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था पर विचार-विमर्श किया गया, जिसमें डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर (डीएफएमडी), हैंड-हेल्ड मेटल डिटेक्टर (एचएमडी) के माध्यम से तलाशी लेना और टर्नस्टाइल के माध्यम से विनियमित प्रवेश और निकास शामिल हैं।


जनमुख डेस्क

## छात्र के खाते में डाल दिया ठगी का 25 करोड़ रुपया



**वाराणसी।** प्रायः साइबर ठग ठगी करके लोगों के खाते रुपये निकाल लेते हैं। लेकिन यहां मामला उलटा है। साइबर ठगों ने छात्र के नाम से बैंक के खाते में साइबर ठगी से हासिल 25 करोड़ जमा कर दिया। इतना ही नहीं, उसके पैन का दुरुपयोग करते हुए एक कंपनी भी खड़ी कर दी गयी। लखनऊ के आरडीएसओ कलोनी, मानक नगर में रहने वाला अनुराग मिश्रा दिल्ली में रहकर सिविल सर्विसेज की तैयारी कर रहा है। उसके पिता कमलेश कुमार मिश्रा ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया बेटे का बैंक खाता आईसीआईसीआई बैंक के लखनऊ के हजरतगंज में है। बीते 17 जनवरी को, करोल बाग में यूपीआई के माध्यम से पुस्तकालय के खर्च के लिए 3,500 का भुगतान करने का प्रयास करया लेकिन अपर्याप्त शेष राशि के कारण लेनदेन विफल हो गया। बैंक जाकर पड़ताल करने पर पता चला कि किसी ने खाते में 25 करोड़ की रकम डाल दी है।

## अंतरराष्ट्रीय ताइक्वांडो पूमसे प्रतियोगिता भागीदारी के लिए टीम रवाना


जनमुख डेस्क

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** जिला ताइक्वांडो संघ वाराणसी की अंडर-30 महिला पूमसे टीम नेपाल के काठमांडू में (दशरथ रंगशाला स्टेडियम त्रिपेश्वर) 14 से 16 फर. 2026 को आयोजित द्वितीय माउंट एवरेस्ट ओपन अंतरराष्ट्रीय ताइक्वांडो पूमसे प्रतियोगिता 2026 में प्रतिभाग करने के लिए शुक्रवार को वाराणसी सिटी से रवाना हो गई है। टीम का नेतृत्व संघ के सचिव चंद्रभान पटेल के कुशल निर्देशन में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में वाराणसी की दीक्षा पटेल, साधना एवं अंकिता वर्मा अंडर-30 महिला पूमसे स्पर्धा में अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगी। यह प्रतियोगिता खिलाड़ियों के लिए अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का सुनहरा अवसर है।

**जनमुख परामर्श मंडल**

**एस. कुमार**
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल
ऑफ इंडिया

**संतोष अग्रवाल** हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

**श्रीनारायण खेमका**
अध्यक्ष : अखिल भारतीय
मारवाड़ी सम्मेलन

**वी.के.जैन**
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

**डा. एस.के.पाठक**
वरिष्ठ चिकित्सक

**डा. नीलम ओहरी**
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
**ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'**

समाचार सम्पादक
**सरोज सिन्हा**

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324
9336929544
Email :
janmukh.vns@gmail.com




## आर.एस. कॉन्वेंट स्कूल में 12वीं के छात्रों को समारोहपूर्वक दी गयी विदाई



जनमुख डेस्क

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** लेढ़ूपुर स्थित आर.एस. कॉन्वेंट स्कूल में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के सम्मान में एक समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के चेयरमैन सुदामा सिंह ने किया। इस अवसर पर कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने वरिष्ठ साथियों के सम्मान में रंगारंग कार्यक्रमों की मनोहारी प्रस्तुतियां दीं। अभिषेक मौर्य एवं रौनक सिंह को 'मास्टर फेयरवेल' एवं मिस फेयरवेल' का ख़िताब दिया गया। प्रधानाचार्या संध्या सिंह ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। संचालन आवेश राय एवं अंशिका यादव ने किया। इस मौके पर राजकुमार जायसवाल, सारिका सिंह, जे.पी.सिंह, ए.के. त्रिपाठी, राजेश पाण्डेय, आनंद रतन मिश्रा, योगेंद्र नारायण चौबे, आशीष राय आदि उपस्थित रहे।

## जनजातीय युवा कार्यक्रम के प्रतिभागियों ने देखा सारनाथ और थाई मंदिर


जनमुख डेस्क

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** मेरा युवा भारत द्वारा आयोजित 17वें जनजातीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का दूसरा दिन प्रेरणादायी गतिविधियों के साथ संपन्न हुआ। प्रतिभागियों को विशेष क्षेत्र भ्रमण पर ले जाया गया। जिससे उन्हें राष्ट्रसेवा, संस्कृति और अनुशासन के विभिन्न पहलुओं को समझने का अवसर मिला। आरंभ सीआरपीएफ 95 बटालियन के भ्रमण से हुई। इस दौरान सहायक कमांडेंट अभिषेक सिंह ने बटालियन की भूमिका, कार्यप्रणाली और राष्ट्र सेवा में उसके योगदान की जानकारी दी। भ्रमण के क्रम में दल ने थाई मंदिर, सारनाथ तथा स्वर्वेद महामंदिर का अवलोकन किया। इस अवसर पर जिला युवा अधिकारी यतेंद्र सिंह, राम गोपाल चौहान, विकास चौरसिया, मनोज शर्मा, सृजन, राकेश यादव तथा सुरेश भारद्वाज सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## जौनपुर समाचार

### जौनपुर में पुलवामा शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई




**जौनपुर।** पुलवामा आतंकी हमले की बरसी पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट द्वारा शनिवार को रुहट्टा स्थित पार्थ ग्लोबल स्कूल में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में भूतपूर्व सैनिकों, छात्रों, शिक्षकों और शिक्षिकाओं ने भाग लिया। शहीदों की याद में कैंडल जलाकर मौन रखा गया और सभी सदस्यों ने वृक्षारोपण कर अमर सपूतों को नमन किया। अखिल भारतीय भूतपूर्व सैनिक संगठन के विधिक सलाहकार राजबहादुर पाल और सूबेदार मेजर बी.एन. दुबे ने वृक्षारोपण के साथ शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। राजबहादुर पाल ने कहा कि सेना के सिपाही का बलिदान समाज पर एक ऋण है। उन्होंने पुलवामा के त्याग को आतंकवाद के विरुद्ध एकजुटता का प्रतीक बताया। भूतपूर्व सैनिक राजबहादुर पाल ने बच्चों के साथ अपने कारगिल युद्ध के अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि कैसे घायल होने के बावजूद उन्होंने युद्ध जारी रखा था। उन्होंने अपनी और अन्य सैनिकों की वीरगाथाएं सुनाकर बच्चों को देश के शौर्य और पराक्रम से अवगत कराया। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. शिप्रा सिंह ने कहा कि सैनिकों की बहादुरी और सर्वोच्च बलिदान प्रत्येक भारतीय को एक मजबूत और समृद्ध देश के लिए कार्य करने हेतु प्रेरित करता है। मेजर सूबेदार बी.एन. दुबे ने पुलवामा में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि देश उनके और उनके परिवारों के सर्वोच्च बलिदान के लिए हमेशा ऋणी रहेगा।

## सुल्तानपुर समाचार

### संस्कृत बोर्ड परीक्षा 19 से, चार केंद्र पर पैनी नजर

**सुल्तानपुर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाएं (पूर्व मध्यमा से उत्तर मध्यमा) की परीक्षाएं 19 फरवरी से शुरू होकर 28 फरवरी तक चलेंगी। जिले के चार केंद्रों पर 1200 से अधिक विद्यार्थी शामिल होंगे।

परीक्षा नकलविहीन और पारदर्शी बनाने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक सूर्य प्रकाश सिंह ने बताया कि परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। पहली पाली सुबह 8:30 बजे से 11:45 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 2 बजे से 5:15 बजे तक चलेगी। पहले दिन अनिवार्य संस्कृत विषय का प्रश्नपत्र होगा। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य किए गए हैं। वेबकास्टिंग की व्यवस्था रहेगी। प्रश्नपत्र और उत्तर पुस्तिकाएं डबल लॉक आलमारी में सुरक्षित रखी जाएंगी।

## प्रयागराज समाचार

### प्रतियोगी छात्र ने फांसी लगाकर दी जान, छात्रा समेत छह छात्रों पर परेशान करने का आरोप



**प्रयागराज।** शहर के जार्जटाउन में प्रतियोगी छात्र ने फांसी लगाकर जान दे दी। उसका शव कमरे में फंदे से लटकता मिला। उसके पिता फतेहपुर में होमगार्ड हैं। परिजनों ने आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाते हुए साथ में कोचिंग पढ़ने वाली एक छात्रा समेत छह छात्रों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। रूप से फतेहपुर के रहने वाले विनोद कुमार गिरि का पुत्र अभिषेक प्रताप (17) का शव शनिवार को जार्जटाउन स्थित उसके कमरे में फंदे से लटकता मिला। घटना की जानकारी होने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। रोते बिलखते परिजन भी पहुंचे। पिता ने बताया कि बेटे के साथ कोचिंग में पढ़ने वाली एक लड़की से बेटे की दोस्ती थी। बाद वह में लड़की ब्लैकमेल करने लगी और मुकदमे में फंसाने के लिए धमकी दे रही थी। इसके चलते अभिषेक काफी अवसाद में था। छात्रा समेत साथ में कोचिंग पढ़ने वाले छह छात्रों के खिलाफ थाने में तहरीर दी गई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## मऊ समाचार

### सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचना फैलाने वालों पर करें कार्रवाई : डीएम

**मऊ।** महाशिवरात्री को लेकर शांति समिति जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने शिवालयों, मंदिरों और कांवड़ मार्गों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम करने का निर्देश दिया।

सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचना फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई करने को कहा। साथ ही संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती और सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी करने को कहा। वहीं साफ-सफाई और विद्युत आपूर्ति संबंधित नगर निकायों में मंदिरों के आसपास विशेष सफाई अभियान चलाने तथा विद्युत विभाग को पर्व के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिया।

## चंदौली समाचार

### छोटी बेटी के दुल्हन बनने से 7 दिन पहले ट्रेन की चपेट में आने से रेलकर्मी की पत्नी की मौत



**सकलडीहा।** कोतवाली के पौरा रेलवे क्रॉसिंग के पास शुक्रवार को बेटी को बचाने में रेलकर्मी की पत्नी लक्ष्मीना (42) ट्रेन से गिर गई। ट्रेन की चपेट में आने से लक्ष्मीना की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बड़ी बेटी का दाया पैर कट गया। मां-बेटी मेमू ट्रेन में सवार होकर दवा लेने के लिए पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन जा रही थी। लक्ष्मीना की बड़ी बेटी पूजा की दो माह पहले ही शादी हुई। वहीं छोटी बेटी अनुराधा की शादी 20फरवरी को तय है। शादी के एक सप्ताह पहले मां की मौत से शादी वाले घर में मातम छा गया। सकलडीहा कोतवाली के दिघवट गांव निवासी पं. दीनदयाल उपाध्याय रेल मंडल में कर्मचारी रमेश ने बताया कि शुक्रवार सुबह पत्नी लक्ष्मीना (42) बड़ी बेटी पूजा (20) को लेकर तुलसी आश्रम स्टेशन से पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर जाने के लिए मेमू ट्रेन में सवार हुई। पूजा का इलाज पीडीडीयू नगर में एक निजी चिकित्सक के यहां चल रहा है। पौरा रेलवे क्रॉसिंग के समीप पूजा ट्रेन के दरवाजे पर आ गई और वह बाहर देखने लगी। इसी बीच ट्रेन के झटका लेने पर वह नीचे गिरने लगी। बेटी को बचाने के लिए लक्ष्मीना आई और उसके पकड़ने के चक्कर में वह भी नीचे गिर गई।

## गाजीपुर समाचार


### महाविद्यालय के क्लर्क का पांच दिन बाद मिला शव

**गाजीपुर।** भांवरकोल थाना के खरडीहा महाविद्यालय के क्लर्क मनोहर सिंह यादव (34) का शव पांच दिन बाद कालूपुर स्थित गंगा नदी में मिला। इधर, घटना को पुलिस संदिग्ध मानकर छानबीन में जुटी हुई है। वहीं लापता होने व हमीद सेतु पर बाइक मिलने के कड़ी को जोड़कर पुलिस छह संदिग्धों को उठाकर पूछताछ कर रही है।

सीओ सिटी शेखर सेंगर ने बताया कि बारहबंगला निवासी धर्मदेव सिंह यादव बीते नौ फरवरी की देर शाम तहरीर देकर पुलिस को बताया था कि उनका पुत्र मनोहर सिंह यादव घर से शाम सात बजे निकला था। घर नहीं लौटा। मामले में गुमशुदगी दर्ज की थी। बीते 11 फरवरी को धर्मदेव सिंह यादव ने पुनः तहरीर देकर बताया कि पुत्र मनोहर सिंह यादव का किसी अज्ञात व्यक्ति ने अपहरण कर लिया गया है।

## मीरजापुर समाचार

### जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने वृद्धेश्वरनाथ मन्दिर पर मंत्रोच्चार के साथ किया जलाभिषेक



**मीरजापुर।** जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार व पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक तथा अपर पुलिस अधीक्षक नगर नितेश सिंह ने नगर के सत्ती रोड स्थित प्राचीन वृद्धेश्वरनाथ मन्दिर पर पहुंचकर भगवान शिव को विधिवत मंत्रोच्चार के साथ जलाभिषेक कर जनपद व प्रदेश की सुख समृद्धि व स्वास्थ्य लाभ की कामना की। जलाभिषेक के दौरान अष्ट कौशल महन्थ डॉ योगानन्द गिरी द्वारा जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को अनुष्ठान कराया गया।

इस अवसर पर पुरोहित/पंडित नितिन अवस्थी के द्वारा विधिवत मंत्रोच्चार के साथ अभिषेक कराया गया। मंत्रोच्चार के बाद जिलाधिकारी ने कहा कि मनुष्य के मन के अन्दर बसे नकारात्मकता को दूर करने तथा मानसिक शान्ति, सुख समृद्धि स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करने का माध्यम है भगवान शिव जलाभिषेक। तत्पश्चात महन्थ योगा नन्द गिरी ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक को अंग वस्त्रम व भगवान वृद्धेश्वरनाथ का चित्र भेंट कर स्वागत व अभिनन्दन किया गया।

इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी ओम प्रकाश उपाध्याय, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मीरजा. पुर गोवा लाल के अलावा सलिल पाण्डेय, राजेन्द्र तिवारी, संदर्भ पाण्डेय, संतोष श्रीवास्तव, गौरव उमर, विन्ध्यवासिनी उमर, दीपा उमर सहित अन्य अधिकारी व श्रद्धालु उपस्थित रहें।

## देवरिया समाचार

### दुष्कर्म के बाद गला दबाकर की गई थी मासूम की हत्या

**रामपुर बुजुर्ग।** श्रीरामपुर थाना क्षेत्र में बुधवार को छह वर्षीय छात्रा की हत्या के मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिल गई है। रिपोर्ट से आरोपी चाचा की हैवानियत सामने आई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर खुलासा हुआ है कि चाचा ने दुष्कर्म के बाद गला दबाकर मासूम की हत्या कर दी। इसके बाद शव को नदी में फेंका था। बता दें कि श्रीरामपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में कक्षा-दो में पढ़ने वाली छात्रा को बुधवार को आरोपी चाचा बहाना बनाकर अपने साथ ले गया था। आरोपी ने रिश्तों की मर्यादा को तार-तार करते हुए गेंहू के खेत में उसने मासूम के साथ दुष्कर्म किया। करतूत न खुले इसके लिए हैवान चाचा ने गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद शव को झरही नदी के किनारे फेंक दिया। परिजन जब बच्ची को खोजने लगे तो आरोपी भी उनके साथ खोजने का दिखावा करने लगा, हालांकि कुछ देर बाद उसका भेद खुल गया।

## आजमगढ़ समाचार

### विवाहिता की मौत पर भाई ने लगाया हत्या का आरोप, पति बोला- रील बनाते समय गई जान



**आजमगढ़।** शहर कोतवाली क्षेत्र के हरैया निवासी रानू देवी (35) पत्नी बृजेश कुमार का शव बृहस्पतिवार की शाम घर में फंदे से लटकता मिला। मौके पर पहुंचे मृतका के भाई ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी। उनका कहना है कि बहन की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है और मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। एक तरफ भाई हत्या का आरोप लगा रहा तो दूसरी तरफ पति उसे आत्महत्या बता रहा है। पति का कहना था कि वह रील बनाने की शौकीन थी। उसी चक्कर में उसकी मौत हो गई। रानू देवी का मायका गंभीरपुर थाना क्षेत्र के रोहुआं मुस्तफाबाद की निवासी थी। रानू की शादी वर्ष 2016 में शहर कोतवाली क्षेत्र के हरैया निवासी बृजेश कुमार से हुई थी। बृहस्पतिवार को उसकी संदिग्ध मौत हो गई। पति बृजेश कुमार ने घटना की सूचना मायके पक्ष को दी। घटना की जानकारी मिलते ही भाई विशाल कुमार रानू के घर पहुंचा। विशाल का आरोप है कि उसकी बहन का शव घर के बाहर अंधेरे में रखी गई थी। विशाल ने बताया कि फोन पर रानू के ससुराल वालों ने सूचना दिया था कि उसकी बहन खाना खा कर सो रही थी उसी दौरान उसकी मौत हो गई।

## बलिया समाचार

### बंटवारे के विवाद में पुत्र ने चाकू मारकर की पिता की हत्या

**बलिया।** पारिवारिक विवाद में कलयुगी पुत्र ने पिता व भाइयों पर चाकू से वार कर दिया। इसमें पिता लालजी यादव की मौत हो गई और दो भाई घायल हो गए। घायल भाइयों को जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। क्षेत्राधिकारी बैरिया मोहम्मद फहीम कुरैशी ने बताया कि दोकटी थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव निवासी लालजी यादव (48) और उनके पुत्र मुकेश यादव के बीच पारिवारिक विवाद में बंटवारे की बात हो रही थी। इसी बीच बात बिगड़ गई और मुकेश यादव ने अपने ही पिता लालजी यादव, भाई राकेश कुमार यादव (20) और गोविंद यादव (18) पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू लगने से तीनों लोग लहूलुहान हो गए।

## सोनभद्र समाचार

### जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट का किया औचक निरीक्षण



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी श्री बी.एन. सिंह ने कलेक्ट्रेट के विभिन्न अनुभागों एवं विभागीय कार्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पत्रावलियों के अस्त-व्यस्त रख-रखाव और स्वच्छता के प्रति उदासीनता पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की और संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाओं को सुधार के लिए निर्देशित किया, जिलाधिकारी श्री सिंह कलेक्ट्रेट के विभिन्न कक्षों मीटिंग हाल, न्याय सहायक अनुभाग, सामान्य कार्यालय, पासपोर्ट अनुभाग, राजस्व सहायक अनुभाग, ई.आर.के./आंग्ल अनुभाग, स्थानीय निकाय अनुभाग, रिकॉर्ड रूम, मुख्य राजस्व अनुभाग, नजारत अनुभाग का बारीकी से जायजा लिया। जिलाधिकारी ने प्रत्येक पटल पर जाकर वहां लंबित कार्यों की प्रगति जानी और कर्मचारियों से पत्रावलियों की स्थिति के बारे में पूछताछ किये, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने देखा कि अनुभागों में पुरानी फाइलें और महत्वपूर्ण पत्रावलियां उचित ढंग और सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पत्रावलियों का प्रबंधन इस प्रकार होना चाहिए कि आवश्यकता पड़ने पर उन्हें खोजने में समय नष्ट न हो और कोई भी नये कर्मचारी भी खोज सकें। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि कार्यालय के कार्यों का संपादन कराना संबंधित विभागीय अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है, अधिकारी अपने कार्यों को पूरी तरह अधीनस्थों के सहारे न छोड़, उन्होंने निर्देश दिए कि अधिकारी स्वयं विभागीय आदेशों और नियमों का भली-भांति अध्ययन करें और अपने मार्गदर्शन में ही पत्रावलियों की कार्यवाही सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर पाई गई त्रुटि के लिए संबंधित अधिकारी जिम्मेदार होंगे। कलेक्ट्रेट परिसर की सुंदरता और सफाई को लेकर जिलाधिकारी ने विशेष निर्देश दिए उन्होंने कहा कि कार्यालय कक्षों के साथ-साथ पूरे परिसर में स्वच्छता बनी रहनी चाहिए।

उन्होंने सभी कार्यालयाध्यक्षों को अपने-अपने अनुभागों में सफाई व्यवस्था की नियमित निगरानी करने को कहा। उन्होंने ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर को भी तकनीकी व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

## भदोही समाचार

### चढ़ गई हल्दी, मचा शोर, भोला के दुअरवा नाचे लोग



**ज्ञानपुर।** चढ़ गई हल्दी, मच गया शोर, भोला बाबा के दुअरवा नाचे ला हर लोग..., चढ़ गई हल्दी बंध गए कंगना, भोले बाबा चले हैं, गौरा के अंगना ... जैसे गीतों पर शुक्रवार को जिले के प्रमुख शिवालय में महिलाओं ने मंगलगीत गाकर देवाधिदेव महादेव को हल्दी अर्पित किया। पूजन-अर्चन करके मंगलमय, सुख-समिृद्ध की कामना की। महाशिवरात्रि का पर्व 15 फरवरी को है। हल्दी रस्म के बाद मंदिर में दर्शन-पूजन का सिलसिला देर शाम तक बना रहा। हर-हर महादेव की गुंज से उपस्थित श्रद्धालु हर्षित हो उठे। जिले के प्रमुख शिवालय बाबा हरिहरनाथ, सेमराधनाथ, गोपीगंज के बड़े शिवमंदिर, तिलेश्वर महादेव आदि शिव मंदिरों पर शुक्रवार को परंपरागत से बाबा भोलानाथ की हल्दी रस्म की गई। श्रद्धालुओं ने देवाधिदेव महादेव को हल्दी अर्पित करके जीवन मंगलमय होने की कामना की। ज्ञानपुर हरिहरनाथ मंदिर पर भगवान शिव, मां पार्वती के विवाह से पहले उत्सव जैसा माहौल रहा। मंदिर के पुजारी आशीष मिश्र ने बताया कि हल्दी रस्म की गई, शनिवार को मेंहदी रस्म किया जाएगा। 15 फरवरी को शिव बरात निकाली जाएगी। ज्ञान सरोवर को रंग बिरंगी लाइट से सजाया जाएगा। इस मौके पर नितीश मिश्र, उमेश पटेल, श्लोक मिश्र, शब्द मिश्र, निहाल माली, सत्यम शुक्ला, निकुंभ सिंह आदि मौजूद रही।

## गोरखपुर समाचार

### संक्रमण ने छीन की आंखों की रोशनीः दो और मरीजों की निकाली गईं आंखें




**गोरखपुर।** सिकरीगंज स्थित न्यू राजेश हाईटेक हॉस्पिटल में मोतियाबिंद ऑपरेशन के दौरान फैले संक्रमण की वजह से शुक्रवार को दो और मरीजों की आंखें निकालनी पड़ीं। दिल्ली एम्स में इन मरीजों का ऑपरेशन किया गया। गंभीर संक्रमण की वजह से अब तक पांच मरीजों की आंखें निकाली जा चुकी हैं। इसके साथ ही 15 से अधिक मरीजों में संक्रमण फैल चुका है। इसमें आठ मरीजों की रोशनी चली गई है। जानकारी के अनुसार, न्यू राजेश हाईटेक हॉस्पिटल में एक फरवरी को आयुष्मान योजना के तहत 30 मरीजों का मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया गया था। इसके बाद से ही संक्रमण के मामले सामने आने लगे। उसरी खास निवासी जयराम और इन्नाडीह के अर्जुन सिंह की आंखें शुक्रवार को दिल्ली एम्स में डॉक्टरों ने निकालीं। इससे पहले बारीगांव की देवराजी देवी, बारीपुर के रामदरश और रहदौली की शंकरावदी की आंखें भी निकाली जा चुकी हैं। अर्जुन सिंह के भाई विश्वनाथ सिंह ने बताया कि शुक्रवार को सभी जांच रिपोर्टों के आधार पर एम्स दिल्ली के डॉक्टरों ने उनकी आंख निकाली। वहीं, दूसरे भाई राजेंद्र सिंह की आंख का सूजन और संक्रमण समाप्त हो गया है। उनका उपचार पीजीआई, लखनऊ में चल रहा है। डॉक्टरों ने बताया कि सभी जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे का फैसला लिया जाएगा। उसरी खास निवासी जयराम के बेटे अरविंद ने बताया कि शुक्रवार को उनके पिता की आंख एम्स दिल्ली के डॉक्टरों ने निकाल दी। उरुवा क्षेत्र के रहदौली निवासी शंकरावती के पति धनराज ने बताया कि उनकी पत्नी का इलाज वाराणसी में चल रहा है। वह सात फरवरी को उन्हें घर लेकर आए हैं। वहां के डॉक्टरों ने 14फरवरी को दोबारा बुलाया है, जिसके बाद ऑपरेशन के संबंध में निर्णय लिया जाएगा। रहदौली की रमावती के बेटे रमेश ने बताया कि उनकी मां का इलाज एम्स दिल्ली में कराया जा रहा है। इस समय वह गांव के मुकेश कन्नौजिया के यहां रहकर उपचार करा रही हैं।

सिकरीगंज के न्यू राजेश हाईटेक हॉस्पिटल में ऑपरेशन के बाद मरीजों की आंखों में फैले संक्रमण के बाद सीएमओ डॉ. राजेश झा ने चार सदस्यीय जांच कमेटी गठित की थी। शुक्रवार को कमेटी ने अस्पताल के संचालक और कर्मचारियों के बयान दर्ज किए।

## लाइफ मंत्र

### शिव पुराण के अनुसार महाशिवरात्रि व्रत कथा, पढ़ें पूरी कहानी और पूजा विधि



**महाशिवरात्रि व्रत कथाः** सनातन धर्मग्रंथों, विशेषकर शिव पुराण में महाशिवरात्रि का अत्यंत विस्तृत वर्णन मिलता है। इस पावन रात्रि को भगवान शिव की अनंत शक्ति के प्रकट होने का दिवस माना जाता है। नीचे प्रमुख महाशिवरात्रि व्रत कथाएं दी जा रही हैं, जिन्हें सुनना और पढ़ना व्रत के दिन अत्यंत शुभ माना गया है।

**शिव-पार्वती विवाह कथा**

पौराणिक मान्यता के अनुसार महाशिवरात्रि के दिन भगवान भगवान शिव और माता माता पार्वती का दिव्य विवाह संपन्न हुआ था। माता पार्वती ने कठोर तपस्या कर शिवजी को पति रूप में प्राप्त किया। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी की रात्रि में विवाह स्वीकार किया। इसलिए इस दिन विवाह योग्य कन्याएं मनचाहा वर पाने के लिए व्रत रखती हैं और विवाहित महिलाएं अखंड सौभाग्य की कामना करती हैं।

**धार्मिक मान्यताः** इस कथा का श्रवण करने से दांपत्य जीवन में सुख और समृद्धि आती है।

**समुद्र मंथन और नीलकंठ कथा**

दूसरी प्रमुख कथा समुद्र मंथन से जुड़ी है। जब देवताओं और असुरों ने अमृत प्राप्ति के लिए समुद्र मंथन किया, तब सबसे पहले भयंकर विष 'हलाहल' निकला। सृष्टि को विनाश से बचाने के लिए भगवान शिव ने वह विष अपने कंठ में धारण कर लिया। विष के प्रभाव से उनका कंठ नीला हो गया और वे नीलकंठ कहलाए। महाशिवरात्रि की रात्रि को शिवजी के इस त्याग और करुणा का स्मरण किया जाता है।

**धार्मिक संदेशः** त्याग, धैर्य और लोककल्याण की भावना ही शिवत्व है।

**लुब्धक ( शिकारी ) की कथा**

शिव पुराण में वर्णित लुब्धक नामक एक शिकारी की कथा अत्यंत प्रसिद्ध है। एक बार वह जंगल में शिकार की तलाश में गया। रात्रि में वह एक बेल के वृक्ष पर चढ़कर जागता रहा और अनजाने में नीचे स्थित शिवलिंग पर बेलपत्र गिराता रहा। उस दिन महाशिवरात्रि थी और अनजाने में ही उसने व्रत, जागरण और बेलपत्र अर्पण का पुण्य अर्जित कर लिया। प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उसे मोक्ष प्रदान किया।

**संदेशः** सच्ची भावना और अनजाने में भी की गई शिवभक्ति जीवन का उद्धार कर सकती है।

**महाशिवरात्रि व्रत की संक्षिप्त पूजा विधि**

ब्रह्म मुहूर्त में स्नान कर व्रत का संकल्प लें। शिवलिंग का जल, दूध और पंचामृत से अभिषेक करें। बेलपत्र (तीन पत्तियों वाला), धतूरा और भस्म अर्पित करें। 'ॐ नमः शिवाय' मंत्र का जाप करें। निशिता काल (मध्यरात्रि) में विशेष पूजा करें।

**महाशिवरात्रि का आध्यात्मिक महत्व**

महाशिवरात्रि केवल व्रत या अनुष्ठान का पर्व नहीं है, बल्कि यह आत्मचिंतन और चेतना जागरण की रात्रि है। योगशास्त्र के अनुसार इस रात्रि में ग्रहों की विशेष स्थिति साधना के लिए अनुकूल मानी जाती है। ध्यान, जप और संयम के माध्यम से व्यक्ति अपने भीतर स्थित शिव तत्व को जागृत कर सकता है। महाशिवरात्रि व्रत कथा का श्रवण और विधिपूर्वक पूजा करने से पापों का क्षय, मनोकामनाओं की पूर्ति और आध्यात्मिक उन्नति होती है। शास्त्रों में कहा गया है, **'शिवरात्रि व्रतं नाम सर्वपापप्रणाशनम'** अर्थात यह व्रत सभी पापों का नाश करने वाला है।

## विशाल भारद्वाज की फिल्म में शाहिद कपूर का जलवा, पत्नी मीरा और भाई ईशान ने की जमकर तारीफ



बॉलीवुड के पावरहाउस परफॉर्मर शाहिद कपूर की मच-अवेटेड फिल्म 'ओ रोमियो' शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म को दर्शकों और क्रिटिक्स की ओर से शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है, लेकिन शाहिद के लिए सबसे खास तारीफ उनके घर से आई है। बॉलीवुड के पावरहाउस परफॉर्मर शाहिद कपूर की मच-अवेटेड फिल्म 'ओ रोमियो' शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म को दर्शकों और क्रिटिक्स की ओर से शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है, लेकिन शाहिद के लिए सबसे खास तारीफ उनके घर से आई है। उनकी पत्नी मीरा राजपूत और भाई ईशान खट्टर ने सोशल मीडिया पर फिल्म और शाहिद के अभिनय की जमकर सराहना की है। बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर की पत्नी मीरा राजपूत और उनके भाई ईशान खट्टर ने 'ओ रोमियो' फिल्म में उनके अभिनय की एक सोशल मीडिया पोस्ट में तारीफ करते हुए कहा कि उन्हें उन पर गर्व है। विशाल भारद्वाज द्वारा निर्देशित यह फिल्म शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म में तृप्ति डिमरी भी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म मुंबई के अंडरवर्ल्ड गैंगस्टर हुसैन उस्तरा और अफशा (डिमरी) के बीच रोमांटिक रिश्ते की कहानी पर आधारित है। राजपूत ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कपूर के साथ एक तस्वीर साझा की और लिखा, ''मेरा रोमियो, जब वह पूछते हैं 'मैं हूं कि हूं नहीं?', याद रखना, तुम हो। और वही हो।'' उन्होंने पोस्ट में लिखा, ''...आंखें जो हजारों शब्द बोलती हैं, और दिल जो हर बार खुद को संभाल लेता है।' राजपूत ने कहा, ''क्योंकि जो आपको थामे रखता है वह है रोशनी...शानदार कहना कम पड़ेगा। मुझे आप पर बहुत गर्व है। 'ओ रोमियो' अब सिनेमाघरों में।' खट्टर ने कपूर के साथ कई तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपलोड कीं। उन्होंने लिखा, 'भाई, मुझे तुम पर बहुत गर्व है। तुम आसमान की ऊंचाइयों और बेहतरीन भूमिकाओं के हकदार हो।' खट्टर ने लिखा, ''ओ रोमियो' अभी सिनेमाघरों में जाकर देखो, रॉक कॉन्सर्ट जैसा अनुभव मिलेगा। यह पूरी तरह से धमाकेदार फिल्म है।' यह फिल्म कपूर और भारद्वाज की चौथी फिल्म है। इससे पहले उन्होंने 'कमीने', 'हैदर' और 'रंगून' में साथ काम किया था। 'ओ रोमियो' में नाना पाटेकर, अविनाश तिवारी, तमन्ना भाटिया, दिशा पाटनी और विक्रांत मेसी भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं।



## राजपाल यादव को राहत नहीं! कोर्ट ने फटकार लगाते हुए कहा- वादा खिलाफी की सजा काट रहे हैं अभिनेता

**अपनी कॉमेडी से करोड़ों दिलों को जीतने वाले अभिनेता राजपाल यादव की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। दिल्ली उच्च न्यायालय ने गुरुवार को उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई टालते हुए उन्हें कोई भी राहत देने से इनकार कर दिया।**

अपनी कॉमेडी से करोड़ों दिलों को जीतने वाले अभिनेता राजपाल यादव की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। दिल्ली उच्च न्यायालय ने गुरुवार को उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई टालते हुए उन्हें कोई भी राहत देने से इनकार कर दिया। अब अभिनेता को कम से कम 16 फरवरी (सोमवार) तक तिहार जेल में ही रहना होगा। कोर्ट ने मुरली प्रोजेक्ट्स कंपनी को भी नोटिस जारी किया, इसी कंपनी ने 2010 में यादव को उनकी पहली डायरेक्टोरियल फिल्म 'अता पता लापता' के लिए 5 करोड़ रुपये का लोन दिया था। यह मामला लगभग 9 करोड़ रुपये से जुड़ा है जिसे यादव कथित तौर पर चुकाने में नाकाम रहे। सुनवाई के दौरान, यादव के वकीलों ने कोर्ट से समय मांगा, यह कहते हुए कि उन्हें पेमेंट के बारे में उनसे निर्देश चाहिए। एक्टर ने कोर्ट को यह भी बताया कि यादव को इस महीने के आखिर में शाहजहांपुर में अपनी भतीजी की शादी में शामिल होना है। वह 5 फरवरी से तिहाड़ जेल में ज्यूडिशियल कस्टडी में हैं।

**कोर्ट की सख्त टिप्पणी: 'अपनी वजह से जेल में हैं यादव'**

सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा की पीठ ने राजपाल यादव के आचरण पर बेहद सख्त टिप्पणी की। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि अभिनेता अपनी सजा के लिए खुद जिम्मेदार हैं।

**वादा खिलाफी:** अदालत ने कहा कि राजपाल यादव ने कम से कम दो दर्जन (24 बार) मौकों पर कोर्ट को आश्वासन दिया था कि वे बकाया राशि चुका देंगे, लेकिन उन्होंने अपना वादा कभी पूरा नहीं किया।

**खुद का आचरण:** जस्टिस शर्मा ने कहा, 'आप जेल में कोर्ट के आदेश की वजह से नहीं, बल्कि अपने आचरण की वजह से हैं। जब आपने अपराध स्वीकार कर लिया है और बार-बार देनदारी मानी है, तो सजा को निलंबित करने का सवाल ही नहीं उठता।'

**कोर्ट ने राजपाल यादव की खिंचाई की**

कार्रवाई के दौरान, दिल्ली हाई कोर्ट ने एक्टर को कड़ी फटकार लगाई। जस्टिस स्वर्णकांत शर्मा ने कहा कि यादव को जेल कोर्ट के ऑर्डर की वजह से नहीं, बल्कि उसके अपने बर्ताव की वजह से हुई। कोर्ट ने कहा कि यादव ने कई बार अपनी देनदारी मानी है। जज ने कहा, 'जब आपने पहले ही जुर्म कबूल कर लिया है, तो सज़ा सस्पेंड करने का सवाल ही नहीं उठता।' जस्टिस शर्मा ने आगे कहा कि यादव ने कई मौकों पर कोर्ट में माना है कि उसने पैसे लिए थे और उन्हें चुका देगा। तय समय के बाद भी लगभग 9 करोड़ रुपये की उधार ली गई रकम वापस न करने पर उसे छह महीने की जेल की सज़ा सुनाई गई। कोर्ट ने कहा कि वह जेल में इसलिए है क्योंकि वह अपना वादा पूरा नहीं कर पाया। कोर्ट ने कहा कि कम से कम दो दर्जन मौकों पर यादव ने कोर्ट को भरोसा दिलाया था कि वह बकाया चुका देगा, लेकिन उसने वादा पूरा नहीं किया।

सुनवाई के दौरान, कोर्ट ने बताया कि पहले यादव और उसके वकील ने शिकायत करने वाले को पेमेंट का भरोसा दिया था। बेंच ने कहा कि अब, वकील ने कहा है कि रकम कोर्ट में जमा कर दी जाएगी। इस बीच, मामला कोर्ट में पहुंचने के बाद, बॉलीवुड और पॉलिटिक्स से जुड़े कई लोगों ने पेमेंट के लिए पैसे जुटाने में मदद के लिए फाइनेंशियल मदद देने का ऐलान किया है।

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762



मेडिकल डायरेक्ट्री

बच्चों के डॉक्टर

मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ

गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
निःसंतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
पताः टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक रविवार 9 से 1 बजे तक
Mob.: 6386935615, 7388779172

## Sudhanshu Pandey ने भगवान शिव को समर्पित किया भक्ति गीत! खुलासा किया कि पर्दे पर क्यों नहीं निभाया 'महाकाल' का किरदार



एक्टर और सिंगर सुधांशु पांडे ने हाल ही में भगवान शिव को समर्पित एक खास भक्ति गीत को अपनी आवाज़ दी। अपने दोस्त और कंपोज़र करण ओबेरॉय की मदद से, एक्टर ने गाना गाया और एक दिल को छू लेने वाले नोट में बताया कि यह उनके लिए क्यों ज़रूरी था। लोकप्रिय अभिनेता और गायक सुधांशु पांडे ने महाशिवरात्रि के पावन अवसर के करीब एक विशेष आध्यात्मिक प्रोजेक्ट के साथ अपनी नई पारी की शुरुआत की है।

'अनुपमा' फेम अभिनेता ने भगवान शिव को समर्पित एक भावपूर्ण भक्ति गीत को न केवल अपनी आवाज़ दी है, बल्कि एक व्यक्तिगत नोट साझा करते हुए अपनी गहरी आस्था का भी परिचय दिया है।

एक्टर और सिंगर सुधांशु पांडे ने हाल ही में भगवान शिव को समर्पित एक खास भक्ति गीत को अपनी आवाज़ दी। अपने दोस्त और कंपोज़र करण ओबेरॉय की मदद से, एक्टर ने गाना गाया और एक दिल को छू लेने वाले नोट में बताया कि यह उनके लिए क्यों ज़रूरी था। पांडे ने एक बहुत ही पर्सनल नोट शेयर किया जिसमें बताया कि सालों से पूछे जाने के बावजूद उन्होंने कभी भी स्क्रीन पर भगवान शिव का रोल क्यों नहीं किया।

हालांकि, किस्मत को कुछ और ही मंज़ूर था। एक्टर ने बताया कि उनके दोस्त करण ओबेरॉय एक गाने के साथ उनके पास आए, उन्हें भरोसा था कि पांडे इसके साथ न्याय करेंगे।

यह मौका उन्हें भगवान जैसा लगा। पांडे ने इस अनुभव को ऐसे बताया जैसे उन्हें खुद महाकाल का आशीर्वाद मिल रहा हो, और कहा कि यह गाना बहुत बढ़िया निकला।

आध्यात्मिक यात्रा से प्रेरित होकर, पांडे ने सनातन संस्कृति के मूल को दिखाने वाले फोटो खींचने और उन्हें कॉन्सेप्ट करने का फैसला किया। उन्होंने खुद को अर्धनारीश्वर के अपने मतलब में बदल लिया, जो मर्दाना और औरत की ताकतों के मिलन का मिला-जुला रूप है। गाने और पोर्ट्रेट दोनों को दिल से दिया गया तोहफ़ा बताते हुए, पांडे ने इस प्रोजेक्ट को उस दिव्य शक्ति को समर्पित किया जिसे वह खुद सृष्टि और जीवन का प्रतीक बताते हैं।

**'अनुपमा' के बाद संगीत में वापसी**

याद दिला दें कि साल 2024 में सुधांशु पांडे ने चार साल तक हिट शो 'अनुपमा' का हिस्सा रहने के बाद अचानक शो छोड़ने की घोषणा कर सबको चौंका दिया था। इंस्टाग्राम लाइव के दौरान उन्होंने अपने फैंस से माफी मांगते हुए उनके निरंतर समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया था। शो से बाहर होने के बाद, सुधांशु ने अपनी गायन प्रतिभा पर ध्यान केंद्रित करने का निर्णय लिया और यह नया गीत उसी दिशा में उनका पहला बड़ा कदम है।

कार्ड एवं स्टेशनरी

शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप

Designer Salwar Suit Lancha, Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप




मेडिकल शॉप

DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ




नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ

काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ

समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएंः पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाशय में छाला, अन्दरूनी रक्तस्त्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समयः 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पुरी
MBBS, MD (IMS-BHU) DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ

ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी [नियर पासपोर्ट ऑफिस]

मानसिक रोग विशेषज्ञ

तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ

डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थ्रोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170